उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्या :: **132 /11/E-3/**डी0आर0 / कनि0सहा0 / **2022-23**
दिनांक :: 08 फरवरी, 2023

विज्ञप्ति

कनिष्ठ सहायक परीक्षा–2022

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा कनिष्ठ सहायक परीक्षा–2022 हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 A-5/E-3/DR/JA/2022-23 दिनांक 30 नवम्बर, 2022 तथा शुद्धि पत्र दिनांक 08 दिसम्बर, 2022 के कम में लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक **05 मार्च, 2023 (रविवार)** को एकल सत्र में उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। अभ्यर्थी प्रश्नगत परीक्षा के प्रवेश पत्र दिनांक **18 फरवरी, 2023 (शनिवार)** से आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को पृथक से डाक द्वारा प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेगें।

2. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं श्रुतलेखक लाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को विज्ञापन के परिशिष्ट–4(I) पर निर्गत प्रमाण पत्र, श्रुतलेखक से संबंधित परिशिष्ट–4 (II) में प्रमाण पत्र एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो **दिनाँक 23 फरवरी, 2023 (बृहस्पतिवार)** तक सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन– 249404 कार्यालय में डाक अथवा किसी भी अन्य माध्यम से उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

3. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष अपने ऑनलाईन आवेदन में आयोग से श्रुतलेखक उपलब्ध कराने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को विज्ञापन के परिशिष्ट–4(I) पर निर्गत प्रमाण पत्र **दिनाँक 23 फरवरी, 2023 (बृहस्पतिवार)** तक डाक अथवा किसी भी अन्य माध्यम से सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन– 249404 के कार्यालय में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात **03 मार्च, 2023 (शुक्रवार)** को कार्यालय अवधि (9:30 A.M.- 6:00P.M.) में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग कार्यालय, हरिद्वार में उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते है। **ऐसे अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र प्रत्येक दशा में परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार होगा।**

बिन्दु संख्या–02 एवं 03 के सम्बन्ध में **दिनाँक 23 फरवरी, 2023 (बृहस्पतिवार)** के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

4. प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से 01 दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र की स्थिति (Location) वहां जाकर अवश्य देख ले, ताकि परीक्षा के दिन ससमय परीक्षा केन्द्र पर पहुँच सकें।

5. अभ्यर्थी परीक्षा के दिन किसी भी प्रकार की घड़ी पहन कर परीक्षा केन्द्र मे प्रवेश नहीं करेंगें। परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल, इयरफोन, ब्लूट्थ डिवाइस, कैलकुलेटर अथवा संचार की क्षमता युक्त कोई भी उपकरण अथवा किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट प्रतिबन्धित है।

6. प्रश्नगत परीक्षा में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध पर मा0 आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। अतः अभ्यर्थियों द्वारा इस संबंध में डाक, ई–मेल एवं अन्य माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगें।

7. उक्त परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में यदि अभ्यर्थी को कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है तो अभ्यर्थी उक्त समस्या से सम्बन्धित विवरण (अनुक्रमांक, नाम, पिता का नाम एव जन्मतिथि का उल्लेख करते हुए) आयोग की हेल्पलाइन ukpschelpline@gmail.com पर ई–मेल कर सकते हैं।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव